22 korba-BHOOMI-pg1_Layout 1 3/22/2024 11:03 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 23 मार्च 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा


4

होली को लेकर अलर्ट, कलेक्टर व एसपी उतरे सड़क पर, शहर में हुआ फ्लैग मार्च



## खबर संक्षेप

### कोरबा विधानसभा के सभी पोलिंग बूथ में महिला कर्मी कराएंगे मतदान

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत बसंत की पहल से इस बार लोकसभा चुनाव में कोरबा विधानसभा के सभी बूथों में महिला मतदान कर्मी चुनाव संपन्न करेंगे। कलेक्टर अजीत बसंत ने बताया कि निर्वाचन की व्यापक तैयारी की जा रही है और इसके सफल संचालन के लिए महिला अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में हिस्सा ले रहीं हैं। कोरबा विधानसभा के सभी 249 पोलिंग बूथ में महिला मतदान कर्मियों के द्वारा मतदान कार्य संपन्न कराया जाएगा जिसके लिए लगभग एक हजार से 12 सौ महिला मतदान कर्मियों को 2 से 3 अप्रैल में प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके बाद महिला कर्मचारी कोरबा विधानसभा की सभी पोलिंग बूथ पर मतदान कार्य को संपन्न कराएंगी।

### नगर निगम के शौचालय को बनाया गया आवास, घोटाले की आशंका

**कोरबा।** वार्ड क्रमांक 29 पोड़ीबाहार के एसआरएलएम सेंटर के करीब निर्मित सार्वजनिक शौचालय को आवास में बदल दिया गया है और इसमें किसी बड़ी साजिश की बू आ रही है। दरअसल बहुत दिनों से यह निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है और इसके अंदर एक परिवार अपना घर बनाकर रहने भी लग गया है। खासबात यह है कि इसकी खबर निगम प्रशासन को कैसे नहीं लग पाई। जबकि इसके बगल से ही मुख्यमार्ग है और अधिकारियों का आवागमन लगातार बना रहता है। निगम प्रशासन को इस मामले की जांच करना चाहिए और दोषी व्यक्ति पर कार्यवाही करनी चाहिए।

### अग्रवाल सभा चुनाव हेतु 912 सदस्यों की सूची जारी

**कोरबा।** अग्रवाल सभा के मुख्य चुनाव अधिकारी छेदीलाल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया की अग्रवाल सभा के चुनाव 2024 के लिए अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई है चुनाव में 7 पूर्व अध्यक्ष, 13 संरक्षक सदस्य दो आजीवन सदस्य एवं 890 सदस्य कल 912 सदस्य का मतदान करेंगे। 31 मार्च को नामांकन होगा इसी दिन स्क्रूटनी व नाम वापसी के बाद बचे हुए प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी जाएगी। आपसी सहमति न होने पर 2 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। चुनाव अध्यक्ष एक पद उपाध्यक्ष एक पद एवं कोषाध्यक्ष एक पद हेतु होगा चुनावी प्रक्रिया अग्रसेन भवन में संपन्न होगी।

### श्याम मित्र मंडल के सदस्यों ने 19 किमी पैर पैदल चलकर चढ़ाया निशान

**कोरबा।** प्रतिवर्ष सीकर जिले के खाटू धाम श्याम मन्दिर में लाखों भक्त रींगस से 19 किलोमीटर नंगे पांव चलकर निशान चढ़ाते हैं। इसी कड़ी में विश्व कल्याण की मंगल भावना, सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया की प्रार्थना के साथ कोरबा श्याम मित्र मंडल के सदस्यों डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा, राजकुमार गोयल, रवि अग्रवाल (दर्री वाले), हर्ष नारायण शर्मा, अमन शर्मा, अनमोल शर्मा एवं श्रीमती प्रतिभा शर्मा ने 19 किलोमीटर नंगे पांव पैदल चलकर रींगस से खाटू श्याम के धाम पर निशान चढ़ाया। डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा ने बताया कि सभी सदस्य 20 मार्च मंगलवार को रात्रि 1 बजे निशान लेकर रींगस निशान भवन से से चले तो खाटू धाम 21 मार्च बुधवार को प्रातः 7 बजे तक पहुंच गये थे। मगर लाखों की भीड़ होने के कारण पंक्तिबद्ध होकर हम सभी श्याम जी के दर्शन हेतु मध्यान्ह 3 बजे दर्शन लाईन में लगे, तो आठ घंटे की कठिन तपस्या के पश्चात रात्रि 11 बजे खाटू वाले श्याम बाबा के दर्शन हुये जो सचमुच अनंत आनन्द दायक एवं ऊर्जा से भर देने वाला क्षण था। डॉ.नागेन्द्र शर्मा ने बताया कि खाटू वाले श्याम बाबा कलयुग के अवतारी, हारे के सहारे एवं शीश के दानी के नाम से प्रसिद्ध हैं। जिनका प्रतिवर्ष फाल्गुन शुक्ल एकादशी पर मेला खाटू धाम राजस्थान मे लगता है। जिसमें लाखों भक्त रींगस से निशान लेकर श्याम बाबा के दर्शन कर निशान चढ़ाते हैं, और खाटू वाले श्याम बाबा सभी की मनोकामना पूरी करते हैं।

# सेवानिवृत्त कोल कर्मियों के लिए खुशखबरी, 31 को मिलेगी बकाया एरियर की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कोल इंडिया से सेवानिवृत्त कर्मियों के बकाया एरियर का भुगतान 31 मार्च तक हो जाएगा। इस संबंध में कोल इंडिया के डीपी विनय रंजन ने सभी सहायक कोल कंपनियों के सीएमडी को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि गैर-कार्यकारी कर्मचारियों के वेतन को एक जुलाई 2021 से संशोधित किया गया।

विभिन्न संभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एनसीडब्ल्यूए-11 बकाये का भुगतान कोल कंपनियों ने नहीं किया। इसका भुगतान 31 मार्च तक करें। पत्र मिलते ही बीसीसीएल, ईसीएल व सीसीएल में कार्मिक विभाग की टीम इसकी तैयारी में जुट गई है। ऐसे कर्मियों की संख्या करीब करीब 18 हजार है। वहीं, कोल इंडिया के विभिन्न कंपनियों में वैधानिक व सामान्य कर्मी का तबादला किया गया है, लेकिन उनका भुगतान भी अभी तक नहीं हुआ है। इन कर्मियों का भी भुगतान जल्द से जल्द करने के लिए कहा गया है। बीसीसीएल में भी इस तरह के मामले है। यहां निदेशक वित्त आरके साहय, निदेशक कार्मिक मुरली कृष्णा रमैय्या इस मामले की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि तय समय सीमा इसे पूरा नहीं किया जाता है तो संबंधित अधिकारी पर जवाबदेही तय की जाएगी। गौरतलब है कि जुलाई 2021 से कोल इंडिया में नया वेतन समझौता लागू होना था, जेबीसीसीआई कमेटी भी तय समय पर गठित हो गई लेकिन मिनिमम गारंटी बेनिफिट के मुद्दे पर सहमति ना बनने के कारण जुलाई 2021 से 23 माह की एरियर राशि का भुगतान किया गया।इस दौरान एसईसीएल के लगभग 38 कोयला कर्मियों के अलावा कोल इंडिया के अनुषंगी कंपनियों के कर्मचारियों को इसका लाभ मिला लेकिन 23 माह की उक्त अवधि में रिटायर हुए कर्मियों को बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया है, ऐसे में रिटायर हुए सेवानिवृत्त कर्मचारी भी एरियर राशि के भुगतान की पात्रता रखते हैं।

## तबादला किए गए कर्मियों का भी जल्द होगा भुगतान

**खास बात**

- गैर कार्यकारी कर्मचारी के वेतन को एक जुलाई 2021 से किया गया संशोधित

### इन कर्मियों को मिलेगा एरियर का लाभ

इसका लाभ एसईसीएल के उन रिटायर्ड कर्मचारियों को मिलेगा, जो जुलाई 2021 के बाद रिटायर हुए हैं। सेवानिवृत्त कर्मियों के बकाया एरियर के भुगतान के अलावा कोल इंडिया के डीपी ने विभिन्न कंपनियों में वैधानिक व सामान्य कर्मी का तबादला किया गया है, उनका भी भुगतान जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए है। बीसीसीएल में भी इस तरह के मामलों को देखने को कहा गया है। निदेशक वित्त आरके साहय, निदेशक कार्मिक मुरली कृष्णा रमैय्या इस ने कहा है कि यदि तय समय सीमा इसे पूरा नहीं किया जाता है तो संबंधित अधिकारी पर जवाबदेही तय की जाएगी।

## जिला पुलिस गुंडों बदमाशों के खिलाफ चला रही है विशेष अभियान

# तीन बदमाश युवकों से एक रिवाल्वर 3 देशी कट्टा पुलिस ने किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस की टीम ने तीन अलग-अलग स्थान में दबिश देकर रिवाल्वर और देसी कट्टा बेचने की फिराक में ग्राहक तलाश रहे तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने एक रिवाल्वर, तीन देसी कट्टा व कारतूस जप्त करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

**खास बात**

- अलग अलग स्थानों में पुलिस ने दी थी दबिश





पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जप्त कट्टा व कारतूस।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि पुलिस के आला अधिकारियों को मुखबिर से सूचना मिली थी कि शहर के कुछ इलाकों में देसी कट्टा बेचने के लिए कुछ लोग ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। मुखबिर की सूचना सिविल लाइन थाना प्रभारी ने घंटाघर ओपन ऑडिटोरियम के पास घेराबंदी कर पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा के खोखरा पामगढ़ निवासी रुपेश गिरी गोस्वामी 30 वर्ष पिता तरुण गोस्वामी को हिरासत में लिया तो आरोपी के कब्जे से पुलिस को एक देसी कट्टा बरामद हुआ है। वहीं दूसरी ओर सीएसईबी चौकी पुलिस ने ढेंगुरनाला कोहड़िया बस्ती निवासी नरेंद्र कुमार चौहान 28 वर्ष पिता राम प्रसाद चौहान को सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अंधेरी दाई मंदिर के पास देसी कट्टा रखकर ग्राहक की तलाश कर रहा था। पुलिस ने मौके पर दबिश दी और नरेंद्र कुमार चौहान को धरदबोचा। जहां पकड़े गए आरोपी नरेंद्र कुमार चौहान के कब्जे से भी पुलिस ने एक देसी कट्टा बरामद करने में सफलता हासिल की है जबकि पूछताछ के दौरान पुलिस ने कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बस्ती पीपल चौक निवासी कोमल पटेल 28 वर्ष पिता श्यामू पटेल के ठिकाने पर दबिश तो आरोपी के कब्जे से एक देसी कट्टा, एक देसी रिवाल्वर व कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में कुल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और आरोपियों को कब्जे से देसी कट्टा, रिवाल्वर व दो कारतूस जप्त करने में सफलता हासिल की है।

# कटघोरा लिथियम खदान के लिए लगी दावेदारों की कतार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

घुचापुर कटघोरा के आसपास के 250 हेक्टेयर क्षेत्र में लिथियम पाए जाने की पुष्टि जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने की। जिसके लिए नीलामी की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बोली में ओला, वेदांता, जिंदल, श्री सीमेंट, अडाणी समूह, अल्ट्राटेक सीमेंट सहित अनेक बड़ी कंपनियां शामिल थी। अर्जेंटीना की एक कंपनी की भी बोली में भाग लेने की जानकारी मिली है।

लिथियम खदान के कटघोरा ब्लॉक में खुलेगी। केन्द्रीय खान मंत्रालय द्वारा बुधवार को की गई नीलामी में कटघोरा लिथियम ब्लॉक के लिए रिजर्व प्राइज 2 प्रतिशत के विरुद्ध 76.05 प्रतिशत की बोली आई, जो रिजर्व प्राइज से 38 गुना अधिक है। हालांकि अभी सफल बोलीदाता का नाम सामने नहीं आया है। कटघोरा के लिथियम ब्लॉक के लिए कंपोजिट लाइसेंस दिया जा रहा है। इसमें परीक्षण व खनन दोनों का ही अधिकार शामिल है। कटघोरा के साथ ही कश्मीर के लिथियम ब्लॉक की भी नीलामी शुरू की गई। किंतु शुरुआती दौर में ही इसके लिए समुचित बोलीदार आगे नहीं आए, जिसके कारण एमएसटीसी पोर्टल पर चल रही इसकी ऑनलाइन नीलामी रोक दी गई। लिथियम की ⏭ शेष पेज 3 पर

# लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी उतारने को लेकर माकपा ने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी छत्तीसगढ राज्य परिषद की मैदानी क्षेत्र की क्षेत्रीय कमेटी की बैठक 17 मार्च को पार्टी कार्यालय में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता कामरेड सोम गोस्वामी द्वारा किया गया। और इफ्टा के साथी कामरेड निसार अली ने जनगीत दमादम मस्त कलंदर गाकर शुरुआत किये।

बैठक में रायपुर संभाग, बिलासपुर संभाग, दुर्ग संभाग व सरगुजा संभाग के पार्टी ईकाईयों के जिलासचिव, राज्य परिषद सदस्य व सक्रिय वरिष्ठ साथियों व सहयोगियों की उपस्थिति रही। कोरबा जिला सचिव पवन कुमार वर्मा ने जिले की जन समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए अपनी बात रखी। श्री वर्मा ने कहा कि पार्टी द्वारा 16 फरवरी से कोरबा की जन समस्याओं को लेकर आमरण अनशन किया गया और आचार संहिता के बाद फिर से जिले के प्रमुख मुद्दे जैसे प्रदूषण, नगर निगम के सफाई कर्मचारी कचरा उठाने वाले कर्मचारी को न्यूनतम मजदूरी एवं सामाजिक सुरक्षा, सभी तालाबों की साफ सफाई एवं पानी भराव की व्यवस्था को लेकर पार्टी आंदोलन करेंगी। बैठक में पार्टी सदस्यता, नवीनीकरण 25 मार्च तक पूर्ण कर राज्य को अनिवार्य रूप से भेजने का निर्णय लिए गया। वर्तमान लोकसभा चुनाव व पार्टी, संगठन विस्तार विषय पर जिलेवार सांगठनिक कार्य दायित्व का आकलन किया गया बस्तर लोकसभा लडने का समर्थन कर मैदानी क्षेत्र की अन्य लोकसभा सीट लडने की विषय पर चर्चा कर प्रस्ताव राज्य परिषद को जल्द देकर चुनाव लडने की अनुमति मांगे है। जिसमें जांजगीर, कोरबा, सरगुजा, बिलासपुर लोकसभा सीट पर चुनाव लडने चर्चा की गई। बैठक में लखन सिंह, बिनोद कुमार सोनी, डॉ सोम गोस्वामी, कामरेड निसार अली, पवन कुमार वर्मा, बिहारीलाल कर्ष उपस्थित रहे।




बैठक के दौरान माकपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

### जिले में जीरो प्रतिशत शॉर्टेज से धान का उठाव हुआ पूर्ण

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में उपार्जित किए गए संपूर्ण धान का उठाव शून्य प्रतिशत शॉर्टेज के साथ पूर्ण कर लिया गया है। जिला विपणन अधिकारी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कोरबा जिला राज्य में खरीदी किए गए धान का निराकरण करने वाला तीसरा जिला है। धान खरीदी से संबंधित सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों के प्रयासों से जिला लगातार 11 वर्षों से 0 प्रतिशत शॉर्टेज पर धान उठाव करने में सफल रहा है। गौरतलब है कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में कोरबा जिले के 41 सहकारी समितियों के 65 केन्द्रों के माध्यम से धान का उपार्जन किया गया। जिले के 43,412 किसानों द्वारा कुल 2,86,733.16 मिट्रिक टन धान का विक्रय किया गया। 3 माह तक चलने वाले धान तिहार को किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए 4 दिवस के लिए बढ़ाया गया। इस दौरान धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी रहा तथा किसानों से व्यवस्थित रूप से खरीदी की गई है।

# पॉवर कंपनी में अंतर क्षेत्रीय शक्तित्तोलन शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता का हुआ आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में दो दिवसीय अंतर क्षेत्रीय पॉवर लिफ्टिंग एवं बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव एवं कार्यपालक निदेशक एमएस चौहान ने कहा कि बॉडी बिल्डिंग और पॉवर लिफ्टिंग जैसे खेल शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक बल को भी बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि पॉवर कंपनी ऊर्जा क्षेत्र में कार्य करती है ऐसे में उनके अधिकारी कर्मचारी हमेशा ऊर्जा से भरे रहे यह प्रबंधन का प्रयास रहता है। इस मौके पर क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के अध्यक्ष कार्यपालक निदेशक केएस मनोठिया ने कहा कि पॉवर कंपनी में इतनी बड़ी संख्या में प्रतिभागियों का शामिल होना दर्शाता है कि व्यक्ति शारीरिक बल से नहीं मनोबल से युवा होता है। उद्घाटन अवसर पर आयोजन के प्रभारी मनोज वर्मा ने आई हुई टीमों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं आयोजन के संबंध में प्रकाश डाला। क्षेत्रीय कला एवं क्रीड़ा परिषद के सचिव विनय चंद्राकर ने बताया कि 21-22 मार्च को पॉवर कंपनी मुख्यालय परिसर में आयोजित की जा रही इस प्रतियोगिता में 8 क्षेत्रीय टीमों के 57 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। पहले शक्तित्तोलन (पॉवर लिफ्टिंग) की आठ वर्गों में प्रतिस्पर्धा हो रही है वहीं दूसरे और अंतिम दिन शरीर सौष्ठव (बॉडी बिल्डिंग) प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में रायपुर क्षेत्र, रायपुर सेन्ट्रल, दुर्ग, बिलासपुर, कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम, मड़वा और जगदलपुर की टीमें हिस्सा ले रहीं हैं। उद्घाटन अवसर पर केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के पूर्व सचिव आर के बंछोर, कार्यपालन अभियंता आशीष अग्निहोत्री, व्ही के तिवारी प्रमुख रूप से मौजूद थे।




प्रतियोगिता का शुभारंभ करते कार्यपालक निदेशक श्री चौहान एवं अन्य।

## इस बार रमजान में पड़ रहे हैं 4 जुमा

# माह-ए-रमजान के दूसरे जुमा पर मस्जिदों में अदा की गई नमाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

माह-ए-रमजान चांद दिखने की तस्दीक के साथ 11 मार्च से शुरु हो चुका है। मुस्लिम बंधुओं ने 12 मार्च को पहला रोजा रखा। 15 मार्च को रमजान का पहला जुमा पड़ा। इसे लेकर मस्जिदों में बड़ी संख्या में मुस्लिम बंधुओं ने नमाज अदा की। इसी तरह दूसरे जुमा को शहर सहित उपनगरीय इलाके के इबादतगाहों में मुस्लिमों की भीड़ रही।इस बार रमजान में 4 जुमा पड़ रहे हैं। इस्लाम में जुमा की नमाज की खास अहमियत है। वहीं रमजान में पडऩे वाले जुमे का महत्व और बढ़ जाता है। सभी धर्म में सप्ताह के किसी दिन को विशेष माना जाता है। बात करें इस्लाम धर्म की तो इस्लाम में अल्लाह की इबादत करने के लिए शुक्रवार यानी जुमा को बेहद खास माना गया है। इस दिन मुस्लिमबंधु नमाज अदा कर खुदा की इबादत के लिए मस्जिदों में पहुंचते हैं। खासकर रजमान के पाक महीने में पडऩे वाले जुमे की विशेष अहमियत होती है। रमजान को इबादत और बरकत का पाक महीना माना गया है। इस पूरे महीने में मुसलमान रोजा भी रखते हैं। शुक्रवार को रमजान के दूसरे जुमा की नमाज अदा करने के लिए मुसलमान बड़ी तादाद में मस्जिद पहुंचें और सिर झुकाकर अल्लाह की इबादत की। इस साल रमजान के महीने में कुल 4 जुमा पड़ेंगे। माह-ए-रमजान की शुरुआत 11 मार्च से हुई है। पहला जुमा आज 15 मार्च को पड़ा। इसके बाद दूसरा जुमा 22 मार्च, तीसरा 29 मार्च और चौथा व आखिरी जुमा 5 अप्रैल को पड़ेगा। 10 अप्रैल को 30वां रोजा रखा जाएगा। संभवतः 11 अप्रैल को ईद मनाई जाएगी। हालांकि चांद के दीदार के बाद ही ईद मनाने का दिन मुकर्रर होगा। ईद आने की खुशियां और माहे रमजान जाने का गम जमातुलविदा की नमाज में देखने को मिलता है। रमजान माह के आखिरी जुमा को जमातुलविदा की नमाज अदा की जाती है। इस साल जमातुलविदा 25 वें रोजे के दिन 5 अप्रैल को पड़ रहा है। माह-ए-रमजान की 25 वें रोजे के के साथ रहमतों और बरकतों के इस माह मुस्लिम बंधु अंतिम शुक्रवार को मस्जिदों में जमातुलविदा की नमाज अदा करेंगे।



# कोरबा सहित लोकसभा के 7 सीटों पर चुनाव लड़ेगी गोंगपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा चुनाव के लिए गोंडवाना गणतंत्र पार्टी अकेले चुनाव लड़ने को तैयार है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने सात सीटों के उम्मीदवारों को चयन कर लिया है। प्रत्याशियों के नाम का ऐलान जल्द किया जा सकता है। पार्टी के फैसले की जानकारी देते हुए गोंगपा प्रमुख एवं पाली तनाखार विधायक तुलेश्वर सिंह मरकार ने कहा है कि उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव में अकेले ही मैदान पर उतरने जा रही है। फिलहाल कोरबा, सरगुजा, रायगढ़, महासमुंद, रायपुर, कांकेर और राजनांदगांव सीट के लिए उम्मीदवारों के चयन को अंतिम रूप दिया जा चुका है। बता दें कि वर्ष 2023 के छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में गोंगपा पाली तानाखार विधानसभा सीट जीतने में सफल रही। इस बार के लोकसभा चुनाव में उसकी मौजूदगी की बड़ी वजह पिछली सफलता ही है। पाली तानाखार कोरबा संसदीय क्षेत्र में आता है। इसके अलावा सरगुजा, रायगढ़, कांकेर और राजनांदगांव में आदिवासी समाज के वोटरों में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का खासा प्रभाव है।



22 korba-BHOOMI-pg2_Layout 1 3/22/2024 10:32 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड


## 'मार्वल 1943: राइज ऑफ हाइड्रा' का ट्रेलर जारी, दिखे ब्लैक पैंथर-कैप्टन अमेरिका



अवॉर्ड विनिंग लेखक-निर्देशक एमी हेनिग अपने आगामी प्रोजेक्ट को लेकर जबरदस्त सुर्खियों में हैं। मार्वल गेम्स ने बीते दिन अपने आगामी कथा-संचालित एक्शन-एडवेंचर गेम 'मार्वल 1943: राइज ऑफ हाइड्रा' पर नए विवरण साझा किए। मार्वल ने नया ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें फैंस को गेम की एक झलक देखने को मिलती है। यह खिलाड़ियों को खेल के विभिन्न बिंदुओं पर खेलने योग्य चार नायकों के समूह के साथ द्वितीय विश्व युद्ध के साहसिक कार्य पर ले जाता है। ट्रेलर से साफ हो रहा है कि जैसे ही खेल की कहानी सामने आएगी, खिलाड़ी चार मुख्य किरदारों की भूमिका निभाएंगे। इनमें एक युवा स्टीव रोजर्स उर्फ कैप्टन अमेरिका, अज्जुरी, टी'चल्ला के दादा और द्वितीय विश्व युद्ध युग के ब्लैक पैंथर, गेब्रियल जोन्स, एक अमेरिकी सैनिक और हॉलिंग कमांडो के सदस्य, और नानाली, एक वकंदन जासूस जो अधिकृत पेरिस में छिपा हुआ है। 'मार्वल 1943: राइज ऑफ हाइड्रा' में कैप्टन अमेरिका और ब्लैक पैंथर सहित खेलने योग्य किरदारों का एक समूह है। इसे कथा-संचालित एक्शन-एडवेंचर गेम के रूप में वर्णित किया गया है। नई कहानी का ट्रेलर 20 मार्च, 2024 को एपिक गेम्स के स्टेट ऑफ अनरियल मुख्य वक्ता के रूप में सामने आया, जहां स्काईडांस न्यू मीडिया और एपिक गेम्स ने मार्वल 1943: राइज ऑफ हाइड्रा में अत्याधुनिक दृश्य लाने के लिए अपने चल रहे सहयोग की घोषणा की।

### टालीवुड


## 'यह चुनाव का समय है, मुझे सांस लेने में भी डर लगता है' : रजनीकांत



सियासत से मनोरंजन जगत की हस्तियों का ताल्लुक बहुत ही पुराना है, जिन्हें लगता है कि उन्होंने दर्शकों का मनोरंजन बखूबी किया है। वह आगे चलकर राजनीति का हिस्सा बन जाते हैं। अब देश में जहां एक ओर 2024 के लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है, वहीं चेन्नई में सुपरस्टार रजनीकांत ने मजाक-मजाक में कुछ ऐसा कहा है, जिसे फैंस चुनावी माहौल में सितारों के लिए बड़ी नसीहत मान रहे हैं। आइए जानते हैं कि अभिनेता ने क्या कहा है। हाल ही में, रजनीकांत ने तमिलनाडु के चेन्नई में एक लोकप्रिय अस्पताल की शाखा के उद्घाटन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस कार्यक्रम में मीडिया से बात करते हुए थलाइवा ने साझा किया कि वह ज्यादा नहीं बोलना चाहते क्योंकि यह चुनाव का समय है और उन्हें सांस लेने में भी डर लग रहा है। अभिनेता का कहना है कि चुनाव के माहौल को देखते हुए उन्हें मुंह खोलने से भी डर लग रहा है। रजनीकांत ने कहा, "मैं बिल्कुल भी बोलना नहीं चाहता था, लेकिन मुझसे कुछ शब्द कहने के लिए कहा गया। मैंने पूछा कि क्या कार्यक्रम में कई मीडिया हाउस होंगे। उन्होंने कहा कि कुछ ही होंगे। अब इन सभी कैमरों को देखकर मुझे डर लग रहा है। यह चुनाव का समय भी है। मुझे सांस भी लेने में डर लगता है।" अभिनेता की बात सुनकर वहां मौजूद सभी लोग हंसने लगे थे। अपने भाषण के दौरान रजनीकांत ने कहा, "पहले, जब पूछा जाता था कि कावेरी अस्पताल कहां है, तो लोग कहते थे कि यह कमल हासन के घर के पास है। अब जब पूछा गया कि कमल का घर कहां है तो लोग कहते हैं कि कावेरी अस्पताल के पास है। मीडिया के लोगों से गुजारिश है कि ये सिर्फ सामान्य बातें हैं। यह मत लिखिएगा कि रजनीकांत ने कमल हासन पर कोई तंज किया है।₹ अभिनेता ने अपनी आगामी फिल्म 'वेट्टैयान' पर भी अपडेट साझा किया और कहा, "फिलहाल शूटिंग शानदार चल रही है। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा पूरी शूटिंग पूरी होने के बाद ही की जाएगी।

### भोजपुरी

## अश्लील गाने बनाने वालों पर भड़कीं लोक गायिका नेहा सिंह



लोक गायिका नेहा सिंह राठौर अक्सर अपने गीतों और बयानों को लेकर चर्चा में रहती हैं। वे अक्सर भोजपुरी सिनेमा इंडस्ट्री में अश्लील गीत गाने वाले गायकों की आलोचना करती हैं और पुराने लोकगीत, भोजपुरी संस्कृति का प्रचार-प्रसार करती हैं। अक्सर उनके गीत वायरल होते हैं और वे अपने गीतों के माध्यम से राजनेताओं पर भी निशाना साधती रहती हैं। वहीं नेहा सिंह ने एक बार फिर भोजपुरी गीतों को गाने के बारे में बात करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य भोजपुरी गीतों और भाषा को बचाना है। उन्होंने कहा कि भोजपुरी को बचने के लिए उनका आंदोलन तीन से चार साल से चल रहा है, जिसमें वे अकेली संघर्ष कर रही हैं। इस बारे में बात करते हुए नेहा ने कहा, 'मैंने तीन-चार साल पहले भोजपुरी बचाओ आंदोलन शुरू किया था। इसके तहत भोजपुरी को संरक्षित करने के लिए उन गीतों की एक डायरी बना रही हूं, जो 30-40 साल पहले हमारे पूर्वजों ने गाए थे। भोजपुरी को समृद्ध बनाने के लिए मैं साफ-सुथरे गाने लिख रही हूं। आजकल अश्लील भोजपुरी गाने बजते हैं। मैंने इसके खिलाफ यह आंदोलन शुरू किया है।' इसके साथ ही उन्होंने अश्लील गीत गाने वाले गायकों के बारे में बात की। साथ ही यह मुद्दा भी उठाया कि कैसे अश्लील गीत गाने वाले लोग राजनीति और संसद में बैठे हुए हैं। उन्होंने कहा, 'मेरी लड़ाई उन लोगों के खिलाफ है, जो 'लहंगा उठा देब रिमोट से' और 'फटाफट' जैसे गाने गाकर संसद में बैठे हैं। 'खोल के देखाव'...जब ऐसे गीत गाने वाले लोगों को टिकट दिया जाता है तो लड़ाई, मेरा आंदोलन और मेरे सवाल तीखे हो जाते हैं।' नेहा सिंह राठौर ने आगे कहा, 'बीजेपी ने पवन सिंह को आसनसोल से मैदान में उतारा है, इसलिए मुझे लगता है कि बीजेपी ऐसे गायकों को बढ़ावा दे रही है।

### लाइफ स्टाइल



किम का जलवा

अमेरिकी सोशलाइट किम कार्दशियन पिछले हफ्ते पेरिस में सुरक्षा के भारी बंदोबस्त के बीच नजर आई। फैंस उनकी एक झलक पाने के बेताब थे। पेरिस फैशन वीक के हिस्से के रूप में किम यहां महिलाओं के लिए रेडी-टू-वियर फॉल-विंटर 2024/2025 संग्रह के लिए बालेनियागा की डिजाइन को प्रदर्शित करने पहुंची थी।

## त्योहारों में जरूर रखें अपने बालों का ध्यान

जब भी कोई त्योहार आता है तो लोग खूबसूरत दिखने के तमाम तरह के स्किन केयर ट्रीटमेंट कराते हैं। स्किन केयर ट्रीटमेंट की वजह से त्वचा पर ग्लो आता है, लेकिन कई बार त्योहारों की भागदौड़ में लोग अपने बालों का ध्यान रखना तो भूल ही जाते हैं। अगर सही समय पर बालों का सही से ध्यान न रखा जाए तो ये डैमेज होने लगते हैं और इनकी खूबसूरत कम होने लगती है। इस परेशानी से बचने के लिए बहुत से लोग तो सैलून जाकर हेयर ट्रीटमेंट भी करा लेते हैं।

हेयर केयर ट्रीटमेंट कराने में काफी खर्चा आता है, इसकी वजह से कई लोग घरेलू तरीकों से ही अपने बालों का ध्यान रखते हैं। अगर आप भी उन्हीं लोगों में हैं, जो घर पर ही अपने बालों का ध्यान रखते हैं, तो इस लेख में हम आपको इसके कुछ तरीके बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाकर आप अपने बालों का ध्यान रख सकें।



### न भूलें ऑयलिंग करना

त्योहारों की भागदौड़ में भी नियमित रूप से सिर की मालिश करें। इससे आपके सिर का ब्लड सर्कुलेशन सही रहता है और बालों की ग्रोथ भी सही से होती है।

### जरूर करें स्कैल्प को साफ

अगर आप अपनी स्कैल्प को सही से साफ नहीं करेंगे, तो इससे बाल डैमेज होने लगते हैं। इसी की वजह से हमेशा डैंड्रफ की समस्या भी सामने आती है। ऐसे में स्कैल्प को सही से साफ रखें।

### कंडिशनिंग है जरूरी

अगर चाहते हैं कि आपके बाल डाइड्रेट रहें तो बाल धोने के बाद कंडीशनर का इस्तेमाल करना न भूलें। इससे बाल में नमी बरकरार रहती है।

### हेयर मास्क का करें इस्तेमाल

इसके लिए जरूरी नहीं कि आप बाजार में बने मास्क का इस्तेमाल करें। आप इसके लिए घर पर बने हेयर मास्क का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

### हेयर ब्रश रखें साफ

जिस ब्रश से आप कंघी करते हों, उसे हमेशा साफ-सुथरा रखें। अगर कंघी गंदी होगी, तो ये बालों को डैमेज कर सकती है। आप बाल कंघी करने के लिए लकड़ी का कंघा इस्तेमाल कर सकती हैं।

## गर्मियों के इस मौसम में बेस्ट है लाइट कलर के ये आउटफिट्स

गर्मियों के मौसम में कही जाने के दौरान महिलाएं ऐसे आउटफिट की तलाश में रहती हैं जिसमें वो कंफर्टेबल हो। वहीं आउटफिट ऐसा भी होना चाहिए जिसे गर्मियों के मौसम में आराम से कैरी किया जा सके और इस आउटफिट में वो स्टाइलिश और कूल भी नजर आएं। अगर आप गर्मियों के मौसम में किस तरह का आउटफिट पहने इस बात को लेकर कन्फ्यूज्ड हैं तो आप इस आर्टिकल की मदद से परफेक्ट ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ ऐसे आउट्फ़िट्स के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें आप गर्मियों के मौसम में पहन सकती हैं और इस आउटफिट पर बेहतरीन भी नजर आएंगी।

**चेक लाइन ड्रेस:** स्टाइलिश और कूल आने के लिए आप इस तरह का चेक ए-लाइन वाली लाइट ग्रीन वाइट ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। इस ड्रेस आप जहां गर्मियों के मौसम में आराम से कैरी कर सकती हैं तो वहीं ये ड्रेस कंफर्टेबल भी है साथ ही इस ड्रेस में आप काफी सुन्दर भी नजर आएंगी। इस ड्रेस के साथ आप शूज या फिर हील्स पहन सकती हैं। वहीं इस तरह की ड्रेस आपको ऑनलाइन प्लेटफार्म पर आसानी से मिल जाएंगी। वहीं बाजार से भी आप इस तरह की ड्रेस खरीद सकती हैं।

फैशन



**फ्लेयर्ड ऑफस्लीव ब्लू ड्रेस:** वहीं गर्मी में पसीना ज्यादा के आने की वजह हैवी ड्रेस कैरी करना मुश्किल होता हैं। ऐसे में आप कॉलर वाली फ्लेयर्ड ऑफ स्लीव ब्लू ड्रेस चुन सकती हैं। इस तरह की ड्रेस इस मौसम में पहनने के लिए परफेक्ट ऑप्शन हो सकता हैं। इस ड्रेस के साथ फुटवियर में सैंडल या फिर हाई हील्स पहन सकती हैं ताकि आप अट्रैक्टिव नजर आएं। इस तरह की ड्रेस भी आपको ऑनलाइन मिल जाएगी। वहीं ऑफलाइन भी आप इस तरह की ड्रेस को सस्ते दाम में खरीद सकती हैं।

**मिडी ड्रेस:** अगर आप कुछ न्यू ट्रेंडिंग ड्रेस की तलाश में हैं तो आप इस तरह की पीच कलर की मिडी ड्रेस भी चुन सकती हैं।

## नई दुल्हन अपने पास जरूर रखें इस तरह के फुटवियर, हर लुक के साथ लगेंगे कमाल

अगर आपकी शादी भी जल्द होने वाली है, तो ये खबर आपके लिए है। दरअसल, हम आपको कुछ ऐसे फुटवियर के बारे में बताएंगे, जो हर नई दुल्हन के पास होना बेहद जरूरी होता है। ये सभी फुटवियर ना सिर्फ आरामदायक होते हैं, बल्कि साथ में ये हर लुक के साथ कमाल के लगते हैं।

**कोल्हापुरी चप्पल:** शादी के बाद कई तरह की रस्में होती हैं, जिसमें नई दुल्हन को शामिल होना ही पड़ता है। इसके साथ ही रिश्तेदारों के यहां भी जाना पड़ता है। ऐसे में कोल्हापुरी चप्पल आपके पास जरूर होनी चाहिए। ये काफी आरामदायक होती है। खास बात ये है, कि इसे उतारने के लिए आपको हाथ का इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**मोजरी:** शादी के बाद अगर आप सूट पहनेंगी तो इसके साथ मोजरी देखने में कमाल की लगेगी। ये काफी आरामदायक भी होती हैं। ऐसे में आप इसे अपने साथ जरूर रखें। खास बात ये है मोजरी ज्यादा महंगी नहीं आती हैं तो आप एक से ज्यादा जोड़ी मोजरी अपने साथ रख सकती हैं।

**पैंसिल हील्स:** बहुत सी लड़कियों को हर आउटफिट में ग्लैमरस दिखना होता है। ऐसे में पैंसिल हील्स इसमें आपकी मदद कर सकती है।




वेस्टर्न के साथ-साथ आप इसे एथनिक के साथ भी कैरी कर सकती हैं।

**स्टिलेटोज:** अगर आपको क्लासी लुक पसंद है, तो इस तरह की स्टिलेटोज अपने कलेक्शन में शामिल जरूर करें। ये साड़ी के अलावा सूट और वेस्टर्न ड्रेस के साथ भी काफी क्लासी लुक देती है। वेजेस खरीदते वक्त देख लें कि इसमें इलास्टिक ना लगी हो, ताकि इसे पहनने और उतारने के लिए आपको हाथ की जरूरत नहीं पड़े। हील्स वाली वेजेस पहनने में भी काफी आरामदायक होती हैं।

## हेयर केयर में कंडीशनर है सबसे फेवरेट तो इससे जुड़ी जरूरी बातें समझ लीजिए

हेयर केयर का आप बहुत ध्यान रखते हैं, आप इतना ध्यान रखते हैं कि कई बार लड़कियों को भी आपके बालों की केयर देख जलन होने लगती है। लेकिन बालों की केयर के लिए आप सबसे ज्यादा क्या इस्तेमाल करते हैं? अगर आप हेयर केयर के लिए सबसे ज्यादा हेयर कंडीशनर को पसंद करते हैं तो फिर आपको हमारी इस गाइड पर एक नजर जरूर डाल लेनी चाहिए। आपको पता चल जाएगा कि कंडीशनर का इस्तेमाल कब और कितना करना है। या फिर कंडीशनर आखिर होता क्या है या ये बालों का ख्याल कैसे रखता है? आप भी कंडीशनर इस्तेमाल करते हुए इन्हीं सारे सवालों के बारे में सोचते हैं तो जवाब हम लेकर आ गए हैं। आइए जानते हैं-



### हेयर कंडीशनर होता क्या है?

हेयर कंडीशनर स्किन लोशन की तरह होता है। जैसे लोशन स्किन को मुलायम और हेल्दी बनता है, ठीक वैसे ही कंडीशनर भी बालों का ध्यान रखता है। खास बात ये है, कि ज्यादातर बार बालों के रूखा होने की वजह शैंपू ही होता है। दरअसल शैंपू के साथ बालों के नेचुरल ऑयल निकल जाते हैं।

### कंडीशनर ही क्यों?

बालों को जल्दी-जल्दी धोने से बचें। बाल में अपने नेचुरल कंडीशनर होते हैं जो बहुत धोने से कम होने लगते हैं। जब ये कंडीशनर कम हो जाता है तब हमें बाजार वाले कंडीशनर की जरूरत होती है। हां, जिन लोगों के बाल बहुत ऑयली होते हैं या जो लोग बहुत पसीने वाला कम करते हैं उन्हें बाल अक्सर धोने ही होते हैं। ऐसे में आपको खाली पानी से बालों को धो लेना चाहिए तब नेचुरल कंडीशनर इतना नहीं जाएगा।

### कंडीशनर का इस्तेमाल कैसे करें

कंडीशनर के सही असर को देखने के लिए आपको इसका इस्तेमाल भी सही तरीके से करना होगा। सबसे पहले थोड़ा कंडीशनर हाथ में लें और बालों पर लगा दें। इसको ठीक वैसे ही लगाएं जैसे आप शैंपू लगाते हैं।
इस दौरान बालों पर मसाज भी जरूर करें।

### कार्नर न्यूज

### होली मनाएं सुरक्षित ढंग से, आनंद हो जाएगा दोगुना

महाशिवरात्रि के बाद से लोगों के घरों में होली की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। हर साल होली का त्योहार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। पंचांग के अनुसार, इस साल 24 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा, इसके बाद अगले दिन यानी कि 25 मार्च को होली खेली जाएगी। भारत देश में ये त्योहार काफी धूमधाम से मनाया जाता है। बहुत से लोग फूलों से होली खेलते हैं, तो कई लोग अपने-अपने घरों में रंग और गुलाल की होली पार्टी का आयोजन करते हैं। बहुत सी जगहों पर तो पक्के रंग से होली खेली जाती है। इन रंगों को छुड़ाना भी काफी मुश्किल होता है। पक्के रंग से होली खेलते वक्त कपड़ों का भी ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है, क्योंकि पक्का रंग पानी में घोलकर होली खेली जाती है।

## होली के दिन गलती से भी न पहनें ऐसे कपड़े, वरना सामने आएगी बड़ी मुसीबत



### पुराने कपड़ों से रहें दूर

होली खेलने के लिए अगर आप ज्यादा पुराने कपड़े पहनेंगे, तो हो सकता है कि कमजोर होने की वजह से ये फट जाएं। ऐसे में आप शर्मिंदगी का शिकार हो सकते हैं। कई बार ज्यादा पुराने कपड़ों की सिलाई भी खुल जाती है। ऐसे में होली खेलने के लिए ज्यादा पुराने कपड़ों से दूरी बनाएं।

### पारदर्शी कपड़े नहीं हैं सही विकल्प

अगर आप होली पार्टी में पारदर्शी कपड़े पहनकर जाएंगे, तो पानी पड़ने के बाद ये शरीर से चिपक जाएंगे। इससे आप खुद असहज महसूस करेंगे। ऐसे में सूती कपड़े पहनकर ही होली खेलने जाएं।

### महिलाएं न पहनें साड़ी

होली पार्टी में महिलाएं साड़ी पहनकर जाने से दूर ही रहें। ऐसा करने से आपका पूरा लुक ही खराब हो सकता है। पानी पड़ने के बाद साड़ी शरीर से चिपकने लगती है, जिसके बाद आपको काफी परेशानी होगी।

### ज्यादा टाइट कपड़े न पहनें

होली खेलने जा रहे हैं तो ज्यादा टाइट कपड़े न पहनें। इससे भीगे हुए कपड़े आपके शरीर से चिपके रहेंगे, जिसकी वजह से शरीर पर इंफेक्शन का खतरा मंडराता रहता है।



## खबर संक्षेप

### डिस्ट्रिक्ट आर्टिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष बने संजय, सचिव बने संदीप





**कोरबा।** हरी मंगलम होटल में कोरबा डिस्ट्रिक्ट आर्टिस्ट एसोसिएशन की वार्षिक बैठक आयोजित की गई। जिसमें एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर संजय सिंह को सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया। इसके साथ ही कार्यकारी अध्यक्ष सत्या जायसवाल, उपाध्यक्ष एन के त्रिपाठी, सचिव संदीप शर्मा एवं कोषाध्यक्ष सुनील मानिकपुरी, संगठन सचिव कमल सिंह, उप सचिव गोपाल भौमिक एवं कार्यकारिणी सदस्य राम प्रवेश पाल, संजीव राय, जय नारायण राठौर को मनोनीत किया गया। गुलशन अरोरा को अध्यक्ष पद से पदोन्नत करके पुनः संरक्षक के पद पर मनोनीत किया गया। इसके साथ ही हरजीत सिंह राजपाल को भी संरक्षक के रूप में मनोनीत किया गया। बैठक में वरिष्ठ संरक्षक दिलीप वर्मा ने कहा कि स्टार वाइस ऑफ़ इंडिया फेम जाकिर हुसैन के सपनो को साकार करना है इसके लिए प्रशासन से एसोसिएशन के लिए भवन की मांग किया जाएगा। संरक्षक गुलशन अरोरा ने कहा कि कोरबा के प्रतिभाशाली बच्चों के लिए टैलेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि एसोसिएशन को एक नए मुकाम में ले जाया जायेगा और संगीत से जुड़े कलाकारों के साथ साथ सभी प्रकार के कला संस्कृति जुड़े लोगों को एसोसिएशन से जोड़ा जाएगा। सचिव संदीप शर्मा ने कहा कि एसोसिएशन में स्वर्गीय जाकिर हुसैन के पुण्यतिथि पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन करके उनको श्रद्धांजलि दी जाएगी।

### झूलेलाल सिंधी सेवा मंडल के संतोष बने अध्यक्ष



**कोरबा।** श्री झूलेलाल सिंधी सेवा मंडल की बैठक बुधवार को सिंधू भवन कोरबा में संपन्न हुई। बैठक में सेवा मंडल के अध्यक्ष कन्हैया लाल रोचवानी ने कहा कि मेरा वर्तमान कार्यकाल अध्यक्ष के रूप में समापन हो रहा है एवं आगामी कार्यकाल 2024-25 के लिए अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन/ मनोनयन किया जाना है। बैठक में उपस्थित पूज्य सिंधी पंचायत कोरबा के अध्यक्ष किशन चंद दावड़ा, संरक्षकगण कंवरलाल मनवानी, महेश निहलानी, परसराम रामानी, सचिव नरेश कुमार जगवानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंदन दास कोटवानी, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य एवं सेवा मंडल के संरक्षक परसराम रोहरा का स्वागत पुष्प माला से सेवामंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा किया गया। बैठक में सेवा मंडल के सचिव रूपेश मलानी ने अध्यक्ष पद की प्रक्रिया पटल पर रखी एवं वरिष्ठजनों से आगे की कार्यवाही करने के लिए आग्रह किया। बैठक में महेश छाबड़ा ने सेवा मंडल के कोषाध्यक्ष संतोष वाधवानी का नाम अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित किया। जिसका सभी सदस्यों ने समर्थन किया। उपरांत संतोष वाधवानी को झूलेलाल सिंधी सेवा मंडल कोरबा का कार्यकारिणी वर्ष 2024-25 हेतू अध्यक्ष घोषित किया गया।

### न्योता भोजन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कोरबा।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती ममता मेहरा के ससुर गणेश राम मेहरा कि ओर से माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को न्योता भोज कराया गया। न्योता भोजन गणेश राम मेहरा के द्वारा बनाया गया एवं बच्चों को परोसा गया। न्योता भोजन में कई प्रकार के सब्जियों को मिला कर बहुत ही स्वादिष्ट खिचड़ी बनाया गया। इस न्योता भोजन में ग्राम पंचायत नवागाँवकला की सरपंच श्रीमती अमिता सिंह कँवर सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे। प्रधान पाठक सौरभ ज़करिया ने गणेश राम मेहरा का आभार व्यक्त किया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### कटघोरा लिथियम खदान...

खदान शुरू होने पर कोरबा ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के साथ-साथ देश में भी समृद्धि के नए द्वार खुलेंगे। कटघोरा जहां आधारभूत सुविधाओं से युक्त मैदानी इलाके में है, छत्तीसगढ़ की कानून व्यवस्था भी अच्छी है। इसी कारण से यह निवेशकों के लिए भी आदर्श राज्य माना गया। लिथियम खनन शुरू होने के बाद इससे जुड़ी कंपनियां काम शुरू करेंगी। इसके लिए तकनीकी एक्सपर्ट की जरूरत पड़ेगी साथ ही संसाधनों के विकास के लिए भी लोगों की आवश्यकता होगी। इससे रोजगार मिलेगा और बाजार में भी बढ़ोतरी आएगी। प्रदेश में विकास के लिए तय राशि, रॉयल्टी व डीएमएफ के लिए भी इससे सहयोग मिलेगा, जो हजारों करोड़ रुपए में होगा। लिथियम भंडार के लिए कंपोजिट लायसेंस दिया जाएगा। ऐसे में तय कंपनी को पहले प्रॉस्पेक्टिंग की प्रक्रिया करनी होगी, यानी क्षेत्र में खनन से पहले खनन कहां से शुरू की जाए इस पर सर्वे करना होगा। इसके बाद खनन की प्रक्रिया शुरू होगी। सब कुछ ठीक रहा तो कंपनी जल्द प्रॉस्पेक्टिंग सर्वे शुरू कर सकेगी। सर्वे के बाद डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाई जाएगी।

### चिकित्सा, शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को किया गया है शामिल

# चुनावी कर्तव्य प्रमाण पत्र एवं डाक मतपत्र से मतदान करने दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



लोकसभा निर्वाचन के दौरान जिले के अनिवार्य श्रेणी के मतदाताओं को ईडीसी एवं पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा दिलाने हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान की गई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ एम एम जोशी द्वारा उपस्थित नोडल अधिकारियों को इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

प्रशिक्षण में बताया गया कि अनिवार्य सेवाओं में तैनात व्यक्तियों की श्रेणी में अनुपस्थित मतदाताओं के लिए चुनावी कर्तव्य प्रमाण पत्र (ईडीसी) एवं डाक-मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। सर्विस वोटिंग की सुविधा चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों-अधिकारियों, सेना या पैरा मिलिट्री से जुड़े जवानों को मिलती थी। साथ ही बिजली-पानी, रोडवेज-मेट्रो, डेयरी, फायर फाइटर, चिकित्सा शिक्षा विभाग और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को इसमें शामिल किया गया है। संबंधित विभागों द्वारा उपलब्ध कराए गए ऐसे कर्मचारियों की सूची के आधार पर ऐसे कर्मचारी जिनकी वोटिंग के दिन ड्यूटी रहेगी और वे उस दिन वोट देने से वंचित रह सकते हैं। उन्हें रिटर्निंग अधिकारी द्वारा फॉर्म 12-डी जारी किया जाएगा और उन्हें ईडीसी/बैलेट पेपर के जरिए वोटिंग की सुविधा फैसिलिटेशन सेंटर पर दी जाएगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर दिनेश नाग, संयुक्त कलेक्टर मनोज कुमार, जिला सांख्यिकी अधिकारी मोहन सिंह कंवर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे, डिप्टी कलेक्टर तुलाराम भारद्वाज, गौतम कुमार, सभी एआरओ, पुलिस विभाग, डाक विभाग, बिजली, स्वास्थ्य सहित अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

#### प्राधिकार पत्रधारी पत्रकार भी डाकमत पत्र से कर सकेंगे मतदान

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस लोकसभा निर्वाचन में प्राधिकार पत्रधारी पत्रकारों के लिए डाकमत पत्र से मतदान की सुविधा दी गई है। बताया गया कि प्राधिकार पत्र प्राप्त करने वाले पत्रकार अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करेंगे। आवेदन प्राप्त होने पर उन्हें चिन्हांकित स्थान पर डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा होगी। इस संबंध में पत्रकारों को जानकारी भी प्रदान की गई है। प्रशिक्षण में प्रेस क्लब के अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, संरक्षक कमलेश यादव, सदस्य रंजन प्रसाद, दिनेश राज, राजेश कुमार, अब्दुल असलम आदि उपस्थित थे।

# ठेका श्रमिकों और महिला संगठन की सदस्यों ने ली मतदान करने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन में मतदाताओं को जागरूक करने जिले में स्वीप की गतिविधियां जारी हैं। इसी कड़ी में शासकीय मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय कटघोरा में प्राचार्य डॉ. एमएम जोशी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम चलाया गया। छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। शासकीय महाविद्यालय दीपका में स्लोगन प्रतियोगिता के माध्यम से युवा मतदाताओं को मतदान का महत्व बताते हुए रोचकनारों के साथ मतदान में शामिल होने प्रेरित किया गया। इसी तरह विद्यार्थियों की मानव श्रृंखला बनाकर, पोस्टर के माध्यम से मतदान का महत्व बताया गया।

शासकीय महाविद्यालय ग्राम्य भारती हरदीबाजार, मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय लाफा पाली में छात्र-छात्राओं द्वारा शपथ लेकर मतदान जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया गया। लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में स्वसहायता समूह से जुड़ी महिलाओं तथा ठेका श्रमिकों ने भी मतदान का शपथ लिया। करतला ब्लॉक के मुस्कान महिला संगठन, जनपद पंचायत पाली के संगम महिला, सखी महिला समूह की महिलाओं ने शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली। महिलाओं ने निष्पक्ष होकर मतदान करने की शपथ ली। इसी तरह एसईसीएल कोरबा मानिकपुर खदान क्षेत्र में कार्मिक प्रबंधक विनोद सिंह के दिशा-निर्देशन में सुरक्षा संदेश के साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ठेका श्रमिकों द्वारा मतदान की शपथ ली गई। ठेका श्रमिकों को बताया गया कि लोकतंत्र में एक-एक वोट का कितना महत्व है।

# डीडीएम पब्लिक स्कूल कोरबा में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




डीडीएम पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम 22 मार्च को घोषित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमेन के. एन. सिंह थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र में माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में विद्यालय के अध्यक्ष के.एन. सिंह ने अभिभावकों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा विद्यालय की प्रगति के लिए उनके सुझावों की अपेक्षा की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ए. पी. सिंह ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रसन्नता प्रकट करते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा छात्रों के शैक्षिक विकास के साथ-साथ स्कूल सह पाठ्यक्रम गतिविधियों के माध्यम से सम्पूर्ण विकास पर ध्यान दिये जाने की बात कही। के. एन. सिंह ने बताया कि हमारे विद्यालय में समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित कर छात्रों के समग्र विकास का प्रयास किया जाता है। विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में कक्षा- 1 (ए) मयंक चौधरी 99.75 प्रतिशत, अक्षत साहू 98.50 प्रतिशत, अफरीन वारसी 96.75 प्रतिशत, कक्षा 1 (बी) रोशनी रमाहरी गिड्डे 100 प्रतिशत, सिया साहू 99.75 प्रतिशत, आरवी गुप्ता 98. 50 प्रतिशत, कक्षा- 1 (सी) - टिंवक्ल यादव 99.25 प्रतिशत, आर्या पाण्डे 95.50 प्रतिशत, माहिरा अख्तर 93. 25 प्रतिशत. कक्षा 2 (ए) - सना परवीन 99.25 प्रतिशत, प्राची 98.75 प्रतिशत, आरव अग्रवाल 97.25 प्रतिशत, कक्षा- 2 (बी) विस्मया नायर 99 प्रतिशत, अर्चित अग्रवाल 98 प्रतिशत, सांई श्री साहू 97.75 प्रतिशत. कक्षा- 3 (ए) - मनन अग्रवाल 99.75 प्रतिशत, मोहम्मद आर्यन सिद्दीकी 93.75 प्रतिशत आदि शामिल हैं।

# नुक्कड़-नाटक के माध्यम से छात्रों ने दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



शपथ लेते छात्राएं।

शासकीय ईवीपीजी कॉलेज तथा डाईट संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में विद्यार्थियों ने आगामी चुनाव के प्रति लोगों को सजग रहने, अनिवार्य एवं निष्पक्ष मतदान करने, प्रलोभन विहीन एवं भयमुक्त होकर सही व्यक्ति का चुनाव, मतदान प्रतिशत में वृद्धि आदि उद्देश्यों को ध्यान में रखकर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया और उपस्थित मतदाताओं से आग्रह किया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी व सीईओ जिला पंचायत संबित मिश्रा के निर्देशन में शासकीय इंजीनियरिंग विश्वेश्वरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा के प्राचार्य डॉ. साधना खरे तथा शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कोरबा के प्राचार्य राम हरिशरण के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीप इकाई द्वारा आगामी चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुये कोरबा शहर के बुधवारी बाजार परिसर में स्वीप नुक्कड़-नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें आम नागरिकों के बीच अनिवार्य मतदान का संदेश देते हुए उनसे मतदान में शत-प्रतिशत भाग लेने हेतु शपथ दिलाई गई। शासकीय ईवीपीजी कॉलेज तथा डाईट संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में विद्यार्थियों ने आगामी चुनाव के प्रति लोगों को सजग रहने, अनिवार्य एवं निष्पक्ष मतदान करने, प्रलोभन विहीन एवं भयमुक्त होकर सही व्यक्ति का चुनाव, मतदान प्रतिशत में वृद्धि आदि उद्देश्यों को ध्यान में रखकर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया और उपस्थित मतदाताओं से आग्रह किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजनों को 7 मई मतदान के दिन को ना भूलकर, अनिवार्य रूप से निष्पक्ष मतदान को प्राथमिकता देने तथा आस-पास के अन्य लोगों को भी वोट देने के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी एवं प्राणीशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष श्री बलराम कुर्रे ने उपस्थित मतदाता को बताया कि मतदान एक महादान है, हमारा एक वोट प्रत्याशी का भाग्य का बदल सकता है,प्रत्येक वोट का महत्व है, इसलिए हमें एक शिक्षित एवं जागरूक मतदाता बनकर अपना वोट देकर चुनाव आयोग के कार्य में सहभागिता देनी है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कोरबा के व्याख्याता एवं स्वीप नोडल अधिकारी गौरव शर्मा ने संदेश देते हुए मतदाताओं से अपील किया कि चुनाव में एक-एक वोट महत्वपूर्ण होता है, एक वोट हमारा भाग्य बदल सकता है, इसलिये मतदान के दिन सब कार्यों में पहली प्राथमिकता मतदान को देना है एवं अनिवार्य रूप से मतदान करने जाना है। महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष कन्हैया सिंह कँवर ने जन समुदाय से अपील किया कि मतदाता राष्ट्र का भाग्य निर्माता होते है, हमारा एक वोट सही व्यक्ति के चुनाव में महत्वपूर्ण होता है और यही सही व्यक्ति समाज एवं देश को विकास के पथ पर अग्रसर करता है इसलिए हमें मतदान के दिन अवश्य रूप से वोट देना है, दूसरों को वोट देने के लिये जागरूक करना है एवं यथा संभव वरिष्ठ एवं दिव्यांग जन की सहायता करना है।

# भाजपा ने पहले बालको बेचा, अब श्रमिक सुविधाएं मांग रहे तो मिल रही लाठियां: ज्योत्सना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना महंत एवं अन्य।

कांग्रेस की प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने शुक्रवार को कोरबा विधानसभा क्षेत्र के बालको में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड क्रमांक 35 से लेकर 41 तक पहुंचकर बस्तियों, वार्डों में पहुंचकर लोगों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना और समस्याओं को समझा। इस अवसर पर श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कहा कि भाजपा की सरकार ने बालको कंपनी का शेयर वेदांता को बेच दिया। जिसके बाद बालको के कर्मचारियों की छंटनी कर दी गई। वीआरएस लागू कर कर्मियों को बाहर निकाल दिया गया। वर्तमान में कंपनी में केवल 800 नियमित कर्मी ही काम कर रहे हैं। वेदांता में स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं दिया जा रहा है जिसके लिए मैंने संसद में कई बार आवाज भी उठाई है लेकिन वर्तमान भाजपा की सरकार सुनवाई नहीं कर रही। आज मजदूरों को न्यूनतम वेतन भी नहीं दिया जा रहा है। युवाओं में बेरोजगारी की समस्या बढ़ गई है। भू-विस्थापितों को रोजगार नहीं दिया जा रहा, लेकिन जनता की समस्याओं से भाजपा की सरकार को कोई सरोकार नहीं रह गया है। बार-बार आंदोलन और बताने पर भी उसके कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही बल्कि आंदोलन के बदले बालकोवासियों को लाठियां खानी पड़ रही है। राखड़ और प्रदूषण की समस्या के साथ-साथ मूलभूत सुविधाओं के लिए भी स्थानीय निवासी जूझ रहे हैं। सांसद के जनसंपर्क के दौरान श्रीमती सपना चौहान, विकास डालमिया, इंटक नेता जयप्रकाश यादव, युकां नेत्री रूबी तिवारी, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय कांग्रेसजन एवं वार्डवासी उपस्थित थे। सांसद ने कहा कि वेदांता समूह ने भी चुनावी चंदा में 400 करोड़ से भी ज्यादा राशि प्रदान की। इसमें सर्वाधिक राशि भारतीय जनता पार्टी को दी गई है। इसके एवज में सरकार से विस्तार परियोजना के लिए मंजूरी ली गई है।

# कांग्रेस जब जब सत्ता में आती है तब तब भ्रष्टाचार का खेल खेलती है : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



रोड शो के दौरान डॉ सरोज पाण्डेय, मंत्री श्री देवांगन एवं अन्य।

**खास बात**

- कांग्रेस का सांसद चुनकर बीते 5 साल से पछता रही कोरबा की जनता

जिस तरह विधानसभा चुनाव में जनता ने धनबल को ठुकराया और जनबल का साथ दिया, उसी तरह इस लोकसभा चुनाव में भी आप सभी सरोज दीदी का साथ दे, प्रधानमंत्री मोदी की ताकत को बढ़ाना है, इसके लिए जरूरी है की प्रचंड वोटों के साथ कोरबा लोकसभा सीट में कमल खिलाना है। कांग्रेस जब जब सत्ता में आती है तब तब भ्रष्टाचार का खेल खेलती है और जब भी भाजपा की सरकार बनती है तो जनकल्याणकारी योजनाओं की रफ्तार बढ़ती है। आज मोदी की सरकार ने जो विकास का कीर्तिमान स्थापित किया है, उससे हर वर्ग को लाभ मिला है।

उक्त बातें भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडे के दीपका में आयोजित रोड शो के दौरान वाणिज्य उद्योग व श्रम मंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा। श्री देवांगन ने कहा कि अगर सांसद ज्योत्सना महंत चाहती तो कोरबा में विकास कहां से कहां पहुंच जाता, ज्योत्सना महंत खुद सांसद, उनके पति चरणदास उस समय विधानसभा अध्यक्ष और जयसिंह अग्रवाल कैबिनेट मंत्री थे, इन सबके बाद भी कोरबा शहर, जिले और लोकसभा को क्या मिला? आज कांग्रेस नेताओं से पूछा जाय की क्या विकास किया तो इनके पास एक जवाब तक नहीं है। मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने कहा की सरोज दीदी जैसा सशक्त नेतृत्व कोरबा लोकसभा को मिलने जा रहा है। कोरबा में विकास का पहिया तेजी से बढ़े इसके लिए जरूरी है की सांसद भी भाजपा का हो। उन्होंने कहा की कांग्रेस का सांसद चुनकर बीते पांच साल से जनता पछता रही है, ज्योत्सना महंत चुनाव जीतने के बाद जनता से दूरी बना ली। जनता अब ठान चुकी है की इस बार किसी तरह की कोई चूक नहीं करेगी। सुश्री सरोज दीदी के पास समूचे कोरबा लोकसभा के लिए विकास का रोडमैप तैयार है। हर तरफ विकास का पहिया आने वाले पांच साल में तेजी से दौड़ेगा। रोड शो के दौरान भाजपा से कोरबा लोकसभा प्रत्याशी डॉ सरोज पांडेय, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### होली बाजारः दुकानो में बढ़ने लगी भीड़

# रंग-गुलाल के दाम में 15 से 20 फीसदी तक इजाफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



होली त्यौहार के लिए रंगों की दुकान सजकर तैयार है । रंग-गुलाल पर इस बार महंगाई की मार पड़ी है। व्यापारियों ने बताया कि पिछले साले की अपेक्षा रंग-गुलाल में लगभग 15 से 20 फीसदी तक दाम में बढ़ोतरी हुई है। लेकिन रंगोत्सव के उत्साह के बीच लोगों में महंगाई का असर नहीं दिख रहा है। लोगो में रंग-गुलाल, पिचकारी, नकली बाल सहित अन्य होली के समानों की मांग पहले की अपेक्षा बढ़ी है। इससे कारोबारियों को भी इस बार बाजार से अच्छे कारोबार की उम्मीद है। होली पर्व नजदीक है। पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। ग्रामीण क्षेत्र में नगाड़े की थाप सुनाई देने लगी है। शहरी क्षेत्र में रंग-गुलाल, पिचकारी के बाजार सजकर तैयार हो गए हैं। नए-नए मुखौटे, बाजा और कार्टून वाली पिचकारी बच्चों को खूब पसंद आ रही है।कोरबा. होली पर्व इस बार 25 मार्च को मनाई जाएगी। इसके लिए कारोबारियों ने तैयारी लगभग पूरी कर ली है। शहर से लेकर उपनगरीय व ग्रामीण क्षेत्र में रंग-गुलाल और नगाड़े के बाजार के बाजार सजकर तैयार हो गए हैं। बाजार में इस बार युवा वर्ग के लिए प्रेशर गन, बेलन, हथोड़ी, एके-47, मोटू-पतलू सहित कई नए-नए पिकचारियों से दुकान सजी हुई है। इसके अलाव गुब्बारे, मलिंगा, मुर्गा डिजाइनर बाल, मुखौटे सहित कई आकर्षक सामानों से बाजार सजी हुई है। यह लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। व्यापारी ने बताया कि बाजारा में इस बार केमिकल वाली रंग-गुलाल की मांग नहीं है। हर्बल, फ्रुट और सिल्क के रंग और गुलाल की मांग अधिक है। इधर होली के नजदीक आने के साथ ही बाजार में नगाड़े की दुकानें भी सजने लगी है। बाजार में नगाड़े की मांग बढ़ रही है। उपनगरीय व ग्रामीण क्षेत्र के गली-मोहल्ले में नगाड़े की थाप पर फाग गीत सुनाई देने लगी है। शहरी क्षेत्र में नगर निगम ने स्मृति उद्यान के सामने टेंट और पंडाल के साथ दुकानें बनाई गई है।

**न्यायालय अपर कलेक्टर कोरबा एवं विवाह अधिकारी, जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

क्र./ 3631 / वाचक/विवाह अधि. कोरबा /2023-24
कोरबा, दिनांक 22/03/2024
प्र.क.-202403052900002/
06/ब-121/23-24
ग्राम-पोड़ी लाफा, तहसील-पाली, जिला-कोरबा

आवेदक (वर) साहेब दास पंत पिता त्रिभुवन दास पंत, उम्र 40 वर्ष, जाति-पनिका (अन्य पिछड़ा वर्ग), निवासी ग्राम पोड़ी लाफा, तहसील-पाली, जिला-कोरबा (छ.ग.) एवं आवेदिका (वधु) स्नेहा महंत पिता साहेब दास महंत, उम्र 35 वर्ष, जाति-पनिका, (अन्य पिछड़ा वर्ग), निवासी ग्राम-धरमपुर, गेवरा बस्ती, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के तहत आशयित विवाह हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त विवाह के संबंध में कोई आपत्ति / दावा आदि हो अथवा कुछ कहना हो तो वे प्रकरण में सुनवाई हेतु नियत पेशी दिनांक 19/04/2024 को 2.00 बजे तक उपस्थित होकर अपनी आपत्ति/दावा आदि प्रस्तुत कर सकते हैं।

उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा आदि पर कोई सुनवाई/ विचार नहीं किया जावेगा और यह माना जावेगा कि आपको/ किसी को इस संबंध में कुछ नहीं कहना है और सुनवाई का कोई और अवसर दिये बिना प्रकरण में अग्रेत्तर कार्यवाही किया जावेगा।

**अपर कलेक्टर**
**एवं विवाह अधिकारी जिला-कोरबा**
**(छत्तीसगढ़)**

## केंदई में हाथियों की मस्ती...



**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल के केंदई वन परिक्षेत्र में विचरण कर रहे 15 हाथियों का झुण्ड गांव की ओर घूसने की कोशिश कर रहा था। जहां केंदई वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक दुबे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे जहां हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा गया तब ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वहीं जंगल में इस फोटो को वनरक्षक भेषज कुमार पटेल ने ली है।

## खबर संक्षेप

### महिला टीम का गठन के लिए सलेक्शन ट्रॉयल का आयोजन आज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार राज्य की महिला टीम के गठन हेतु ईस्ट जोन के खिलाड़ियों मुख्य चयन बिलासपुर के राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में आगामी 7 अप्रैल को किया जाएगा। इसी तारतम्य में जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा जिले की महिला टीम का गठन के लिए 23 मार्च को सलेक्शन ट्रॉयल आयोजन किया जाना है। जहां विभिन्न आयु वर्ग के महिला खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं। खिलाडियों को तीन आयु वर्ग में रखा गया है। जहां अंडर 15 जिसके लिए खिलाड़ी का जन्म 1 अगस्त 2009 से 31 अगस्त 2011 के भीतर होनी चाहिए। दूसरा वर्ग अंदर-19 जिसके लिए खिलाड़ी जन्म 1 सितंबर 2005 से होना आवश्यक है। अंदर 23 के लिए लिए महिला खिलाडियों का कट ऑफ डेट 1 सितंबर 2001 के अंतर्गत होना चाहिए। वहीं सभी खिलाड़ियों को अपने साथ अंतिम 6 वर्षो की शैक्षणिक अंक सूची, 2 पासपोर्ट साईज फोटो, डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र ,आधार कार्ड की रंगीन छाया प्रति 2 सेट सहित आवश्यक प्रतिस्पर्धा शुल्क जमा करना अनिवार्य है। सिलेक्शन ट्रॉयल का आयोजन पर्यावेक्षक जीत सिंह की उपस्थिति व मुख्य चयनकर्ता विशाल दुबे और अनिल प्रजापति की मौजूदगी में 23 मार्च को एसईसीएल के सैंट्रल वर्कशॉप मैदान कोरबा में सुबह 8.30 बजे से किया जाएगा।

### बैंक में 23 से 31 मार्च के बीच 5 दिन की छुट्टी

**कोरबा।** बैंकों की लंबी छुट्टी होने वाली है। अगर कोई जरूरी काम हो तो जल्दी से निपटा लें वरना पैसे का लेन-देन अटक सकता है। अगले 8 दिन में से 5 दिन बैंक बंद रहेंगे। यह अवकाश त्योहार और रूटीन छुट्टियों के कारण पड़ रहे हैं। लगातार 3 दिन और उसके बाद महीने के अंतिम दो दिन बैंक नहीं खुलेंगे। इस बीच अगर किसी को बैंकिंग से जुड़ा कोई महत्वपूर्ण काम निपटाना है, तो उसे समय रहते करना होगा अन्यथा वे परेशानी में पड़ सकते हैं। बैंकों की छुट्टी के दौरान सिर्फ ऑनलाइन नेट बैंकिंग ही हो सकेगी। एटीएम से सबकी जरूरत पूरी हो जाए यह कहना भी उचित नहीं होगा। बैंकों में 23 से 31 मार्च के बीच 5 दिन छुट्टी पड़ रही हैं। इसमें 23 मार्च को चौथा शनिवार, 24 को रविवार तो 25 को होली की छुट्टी रहेगी। इसके बाद 26 से 28 मार्च तक बैंकिंग कार्य सामान्य दिनों की तरह होंगे। 29 मार्च को गुड फ्राइडे की छुट्टी रहेगी और 31 मार्च को रविवार के कारण बैंक बंद रहेंगे। बैंकों की लंबी छुट्टी के कारण एटीएम ही सहारा होंगे, लेकिन वो भी कब तक साथ दे पाएंगे कहना मुश्किल है। एक एटीएम की क्षमता लगभग 75 लाख रुपए होती है। इसमें एक दिन में एक व्यक्ति 20 हजार रुपए तक का ही ट्रांजेक्शन कर सकते हैं। अगर किसी को बड़ी राशि चाहिए, तो उसे बैंक खुलने या अगले दिन का इंतजार करना पड़ेगा।

### कुसमुंडा खदान में हादसा बाल बाल बचा ऑपरेटर



**कोरबा।** एसईसीएल की कोयला खदान कुसमुंडा में 240 टन के दो डंपर में भिड़ंत हो गई। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि डंपर ऑपरेटर बाल बाल बच गए। टारगेट को पूरा करने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे ऑपरेटरों को डंपरों की मरम्मत का समय नहीं मिल पाने के कारण लगातार कोयल की खदानों में इस तरह के हादसे हो रहे हैं।

### शांति व्यवस्था भंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** जिले में सजग कोरबा अभियान चलाकर गुण्डा बदमाश, नशा का अवैध



करोबार करने वाले एवं शांति व्यवस्था को भंग करने वालों के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही किये जाने के लिए सभी थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में कोतवाली थाना को इतवारी बाजार चौक कोरबा के निवासी अनीश मेमन उम्र 50 वर्ष पिता स्व. अब्दुल हाफिज मेमन ने एक लिखित शिकायत दिया कि विशाल साहू ने आपसी बात को लेकर बुरी बुरी गाली गुप्तार कर संपत्ति हड़पने के लिए मारपीट कर चोट पहुंचाकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी विशाल साहू के विरुद्ध धारा 294, 323, 506, 327 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

### हैंडपंप खराब होने के कारण पानी के लिए ग्रामीण हो रहे परेशान

**कोरबा।** पाली विकासखण्ड के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कांजीपानी के आश्रित मुहल्ला घुईचुवा बस स्टैंड में दो हैंडपंप स्थापित है और दोनों हैंडपं बंद पड़े हुए हैं। जिससे वहां पर निवास करने वाले होटलों व आने जाने वालों को पीने के पानी व लोगों को पानी पिलाने के नेशनल हाईवे सड़क को पार कर पानी लाना पड़ता है। नेशनल हाईवे सड़क पर वाहनों का आवागमन लगा रहता है, जिससे अनहोनी की आशंका बनी रहती है। जिसे देखते हुए ग्रामीणों ने बंद पड़े हैंडपंप को तत्काल सुधारने की मांग की है।

## होली पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस एक्शन में

# होली को लेकर अलर्ट, कलेक्टर व एसपी उतरे सड़क पर, शहर में हुआ फ्लैग मार्च



फ्लैग मार्च करते पुलिस अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

होली पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रशासन व पुलिस लगातार एक्शन में नजर आ रही है। शुक्रवार को कलेक्टर अजीत वसंत व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी स्वयं सड़क पर उतरे और अपनी पूरी टीम के साथ लगभग 5 किलोमीटर पैदल फ्लैग मार्च कर अपराधियों को सावधान किया गया तथा फ्लैग मार्च कर पूरे शहर का भ्रमण करते नजर आई और पुलिस ने साफ चेतावनी दी कि यदि होली पर्व के दौरान कोई भी खलल मचाने की कोशिश की तो उसे बिल्कुल भी बक्शा नहीं जाएगा।

उल्लेखनीय है कि 25 मार्च को होली का पर्व मनाया जाएगा। होली पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रशासन व पुलिस लगातार बैठक लेकर समझाइश का दौर जारी है तो वहीं दूसरी ओर शुक्रवार को कलेक्टर अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, नगर निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगई, प्रशासन व पुलिस के दर्जनों अधिकारी व उनकी पूरी टीम हर क्षेत्र में सघन दौरा कर रही है और अपराधियों को सावधान कर रही है। साथ ही शहर में शुक्रवार की शाम अधिकारियों की पूरी टीम सड़क पर उतरी और कोतवाली से पैदल मार्च करते हुए शहर, पावर हाउस रोड, सोनालिया चौक से होते हुए टीपी नगर, सीएसईबी चौक, महाराणा प्रताप चौक, घंटाघर, निहारिका से कोसाबाड़ी चौक तक पुलिस के अधिकारी, कर्मचारियों ने पैदल मार्च किया। इस बीच पुलिस ने साफ चेतावनी जारी की कि यदि होली में हुड़दंग मचाने की कोशिश की तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान, कटघोरा एडिशनल एसपी, नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का, दर्री सीएसपी, नगर कोतवाल मोती पटेल, उरगा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा, कुसमुण्डा थाना प्रभारी रुपक शर्मा, दीपका थाना प्रभारी युवराज तिवारी, बालको थाना प्रभारी अभिनवकांत सहित प्रशासन व पुलिस के अधिकारी उपस्थित थे।

### कटघोरा में भी पुलिस ने भी किया फ्लैग मार्च



होली एवं रमजान शांतिपूर्वक संपन्न कराने कटघोरा में पुलिस ने पैदल फ्लैग मार्च किया और होली एवं रमजान का पर्व शांतिपूर्वक मनाने की आम नागरिकों से अपील की। फ्लैग मार्च का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा ने किया। उनके साथ एसडीओपी पंकज ठाकुर, थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी, पाली थाना प्रभारी चमन सिन्हा तथा बड़ी संख्या में पुलिस बल उपस्थित था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा ने स्पष्ट कर दिया है कि शांतिपूर्वक होली त्यौहार मनाने वाले के साथ पुलिस मित्रवत व्यवहार करेगी। वहीं तीन सवारी, परिवर्तित दुपहिया वाहन साइलेंसर (तेज आवाज निकालने वाले पटाखे की तरह) का प्रयोग करने वाले, हुड़दंग करने वाले एवं गुंडे बदमाशों के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने लोगों को संदेश दिया कि त्यौहार के मद्देनजर सुरक्षा के लिए पुलिस 24 घंटे तैनात है। आपात स्थिति में तत्काल डायल 112 से संपर्क करें। साथ ही हुड़दंग करने वाले व उपद्रव करने वालों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

## युवक सीबीआई अफसर बनकर घूम रहा था शहर में, पुलिस ने धर दबोचा



लाल घेरे में पुलिस गिरफ्त में नकली सीबीआई अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पड़ोसी जिले में निवास करने वाला एक युवक सीबीआई अफसर बनकर बकायदा आई कार्ड लेकर शहर में घूम रहा था। जब पुलिस को इसकी भनक लगी तो पुलिस ने आरोपी की धरपकड़ के लिए घेराबंदी की और पुलिस ने फर्जी सीबीआई अफसर को धरदबोचा। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से आईडी कार्ड बरामद किया गया है। जिसमें बकायदा सीबीआई अफसर के नाम से अपना कार्ड इशू कराया था। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। दर्री पुलिस व साइबर सेल को मुखबिर से सूचना मिली कि काला रंग का फुल आस्तीन टी-शर्ट एवं काला रंग का फुल पैंट पहन कर गेरवाघाट की ओर से सत्यनारायण रात्रे नामक व्यक्ति जो अपने आपको सी.बी.आई. अधिकारी बताता है। सूचना पर पुलिस की टीम द्वारा प्रगतिनगर दर्री के पास आकस्मिक वाहन चेकिंग, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग किया जा रहा था। इसी बीय एक संदिग्ध व्यक्ति लगभग 28 वर्ष जो काला रंग का फुल टी शर्ट एवं काला रंग फुल पेट पहना गेरवाघाट की ओर से आ रहा था। जिसे रोक कर पूछताछ करने पर उक्त व्यक्ति ने अपना नाम कुलीपोटा जिला जांजगीर चांपा निवासी सत्यनारायण रात्रे उर्फ चाकनू उम्र 28 वर्ष पिता दाऊरा बताया। जिससे पूछताछ करने पर उसके द्वारा आई कार्ड सेन्ट्रल ब्यूरो ऑफ इनवेस्टीगेश नाम सत्या रात्रे एजेंट कोड नबर एच. क्यू 21228/6459 पेश किया, जिसे तस्दीक करने पर फर्जी आई कार्ड होना पाया गया। आरोपी सत्यनारायण रात्रे उर्फ बाकनू का के विरुद्ध पुलिस ने धारा 170, 419, 465, 467, 468, 471 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

# सात आरोपियों से 72 लीटर महुआ शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस द्वारा लगातार अवैध शराब के खिलाफ लगातार मुहीम चलाई जा रही है। इस कड़ी में पुलिस ने अलग अलग स्थानों में दबिश देकर कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और आरोपियों के कब्ब्जे से 72 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा जिले के सभी थाना चौकी प्रभारी को सजक कोरबा के तहत अवैध शराब बिक्री, शराब परिवहन करने वाले व्यक्तियों पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी कड़ी में गुरुवार को विभिन्न थाना चौकी क्षेत्र अंतर्गत अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 7 प्रकरणों में कुल 72 लीटर कच्ची महुआ शराब को किया गया। जिसमें उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भादा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

बरगुडुपारा से 15 लीटर कच्ची महुआ शराब, हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रेकी से 15 लीटर कच्ची महुआ शराब, दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत सलिहापारा देवगांव मोड़ से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब, बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दोदरो से 11 लीटर कच्ची महुआ शराब, कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मेन रोड कोरबा चौहान फोटो कापी के पास से 11 लीटर कच्ची महुआ शराब, करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सकदूकला से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब को जप्त किया गया है।

### आबकारी का छापा, 9 लीटर महुआ शराब जप्त

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के खिलाफ मुहिम चलाई जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग की टीम ने एक महिला के ठिकाने में दबिश देकर उसके कब्जे से 9 लीटर महुआ शराब जप्त किया है। आबकारी विभाग की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर निवासी सुनीता रजक द्वारा अवैध शराब बनाकर बेचने का गोरखधंधा संचालित किया जा रहा है। सूचना पर आबकारी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की टीम ने मौके पर दबिश दी। जहां सुनीता रजक के कब्जे से 9 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है।

### युवक पर डंडे से जानलेवा हमला, युवक गंभीर

**कोरबा।** बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लालपुर माचाडोली निवासी धनेश्वर सिंह उम्र 30 वर्ष पिता सुन्दर सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसी गांव में निवास करने वाले तीजकुंवर, संतोष कुमार पटेल, छतपाल यादव, रामकुमार मंझवार, प्रभात पटेल आये और बताये कि राम मंझवार, राजेन्द्र प्रसाद मंझवार, हर्ष पटेल तीनो 20 मार्च को मछली पकड़ने कुंआ में गये थे, राजेन्द्र प्रसाद के द्वारा राम मंझवार की टंगिया को छुपा दिया था जिसको ये मछली मारने के दौरान टंगिया छुपाने के संबंध में राजेन्द्र प्रसाद को पूछा तो नहीं बताया इसके बाद साधुराम यादव के झाला में राजेन्द्र प्रसाद और हर्ष पटेल जाकर बैठे थे वहां पर भी राम मंझवार जाकर टंगिया छुपाने के संबंध में पूछा इसी बात को लेकर राम मंझवार के द्वारा राजेन्द्र प्रसाद को मां बहन की गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर वहीं पर रखे लकड़ी के डण्डा से सिर में वार कर दिया। जिससे खून निकलने लगा और वह बेहोश हो गया है।

### लालिमा बनी नगर निगम की ब्रांड अम्बेस्डर

**कोरबा।** भारत सरकार के द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के टुलकिट में सिटीजन एगेजमेंट के तहत नगर पालिक निगम में ब्रांड अम्बेस्डर नियुक्त किये गये हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 दिशा निर्देश के अनुरुप जनजागृति हेतु शहरी स्तर पर विभिन्न स्वच्छता संबंधी गतिविधियों के आयोजन के तहत राज्य शहरी विकास अभिकरण नया रायपुर के पत्र के तारतम्य में नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत 26 बांड अम्बेस्डर बनाये गये हैं, जिसमें जिला गौ सेवा संयोजक लालिमा जायसवाल का भी नाम अंकित किये गये हैं। श्रीमती जयसवाल गौसेवा समिति से जुड़ी हुई है पिछले कुछ वर्षों से लगातार आवारा मवेशियों के उपचार एवं उनके बचाव के लिए लगातार कार्य कर रही है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# बैगा की जहर खाने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 45 वर्षीय बैगा ने विगत दिनों अज्ञात कारणों के चलते घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था जब उसकी तबियत बिगड़ने लगी तो परिजनों को पता चला कि उसने किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन किया है। जिसके बाद उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां पिछले तीन दिनों से उसका उपचार चल रहा था कि इस बीच उसकी मौत हो गई है। मामला करतला थाना क्षेत्र के ग्राम चांपा की है। यहां निवासरत पंचूराम 45 वर्ष पिता गोसाई निषाद गांव में बैगा गुनिया का काम करता था। बताया जाता था कि 17 मार्च को वह अपने घर में रखे चूहा मार दवा का सेवन कर लिया था। परिजनों को ज्ञात होने पर उसे उपचार के लिए करतला स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया था जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। जहां पिछले तीन दिन से आईसीयू में पंचूराम का इलाज चल रहा था कि इस बीच शुक्रवार को पंचूराम की मौत हो गई। पंचूराम ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### मासूम के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत फर्टिलाइजर बस्ती निवासी सुधीर कुमार गौड़ उर्फ भोला उम्र 18 वर्ष पिता जनक राम नामक युवक ने एक 6 वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। मामले की शिकायत सामने आने पर पुलिस ने सुधीर के खिलाफ धारा 376, (ए) (बी) एवं 4, 6 पास्को एक्ट के तहत गिरफ्तार कर उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

